अटल छत्र सच्चा दरबार

माँ वैष्णवी, माँ वैष्णवी
जीवेश्वरी, जगदीश्वरी, सर्वेश्वरी
धन्य तेरा दिव्य दीपक, धन्य दे बल दे हरी

अटल छत्र सच्चा दरबार, माता तेरा जय जयकार

द्वार खड़ी तेरी संतान,
भक्ति शक्ति का मांगे दान
तेरी भक्ति सुमति दे हमको
शक्ति करे जगका कल्याण
तारनहारी पालनहारी, महिमा तेरी अपरम्पार
माता तेरा जय जयकार, जय जयकार, जय जयकार

काट अहंता ममता फंद,
तेरा गगन पवन आनंद
ज्ञान करम के पंख पसारे
हंस बंस जीवन का छंद
तेरी वंदा दीप ज्योति में
भीतर बाहर हो उज्ञयार,
माता तेरा जय जयकार
जय जयकार, जय जयकार, जय जयकार

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/560/title/atal-chatra-sacha-darbar-mata-tera-jai-jaikar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |